मोबाइल वैन से एक लाख टीका लगाने वाला ज़िला

चर्चा में क्यों?

11 अक्टूबर, 2021 को राँची में मोबाइल वैन से कोविड-19 रोधी टीका लगाने की संख्या एक लाख को पार कर गई, जिससे राँची यह उपलब्धि हासिल करने वाला झारखंड का प्रथम ज़िला बन गया।

प्रमुख बिंदु

- राँची में कोरोना से बचाव के लिये 28 मई, 2021 को मोबाइल वैन से टीकाकरण की शुरुआत की गई थी, जिसने 11 अक्टूबर, 2021 को एक लाख का आँकड़ा छूकर यह रिकॉर्ड बनाया।
- प्रारंभ में केवल 2 मोबाइल वैनों के द्वारा टीकाकरण शुरू किया गया था, किंतु वर्तमान में 11 मोबाइल वैनों की सेवा ली जा रही है।
- विदित हो कि कोविड-19 टीकाकरण को लेकर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की तकनीकी समस्या तथा एक बड़ी आबादी का इंटरनेट फ्रेंडली न होने जैसी समस्या का निराकरण के उद्देश्य से मोबाइल वैक्सीनेशन की शुरुआत की गई थी, जिसमें लोग ज़िला प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराए गए फोन नंबर (7546028221) पर कॉल करके वैक्सीनेशन के लिये आग्रह कर सकते हैं।
- इस प्रक्रिया के कारण खासकर बुजुर्गों, दिव्यांगजनों तथा स्लम एरिया के असमर्थ लोगों को व्यापक लाभ हुआ।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/district-to-vaccinate-one-lakh-people-by-mobile-van